# कार्यपत्र-11

**1. सही उत्तर के आगे ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) इनमें से विशेषण शब्द कौन-सा है? (iii) स्वार्थी ✓

(ख) 'प्रातःकाल का दृश्य अद्भुत होता है।'– वाक्य में विशेषण शब्द है– (ii) अद्भुत ✓

(ग) 'उसे दो मीटर कपड़ा चाहिए।'– वाक्य में विशेषण का भेद पहचानिए। (iv) परिमाणवाचक विशेषण ✓

(घ) इनमें सार्वनामिक विशेषण किस वाक्य में प्रयुक्त हुआ है? (i) उस घर में कौन रहता है? ✓

(ङ) 'मुझे पाँच सौ रुपए चाहिए।'– वाक्य में विशेषण का भेद है– (i) निश्चित संख्यावाचक ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) विशेष्य के बाद प्रयुक्त होने वाला शब्द विधेय विशेषण कहलाता है। जैसे– वह लड़की सुंदर है। ('सुंदर' विधेय विशेषण है।)

(ख) संज्ञा या सर्वनाम की माप-तौल संबंधी विशेषता बताने वाले शब्दों को परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं। इसके दो भेद हैं– निश्चित परिमाणवाचक विशेषण और अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण।

(ग) संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं और संज्ञा शब्दों की विशेषता बताने वाले सर्वनाम शब्द सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं। जैसे– <u>यह</u> मेरा घर है। (सर्वनाम), <u>यह</u> घर मेरा है। (सार्वनामिक विशेषण)

**3. निम्नलिखित शब्दों से विशेषण शब्द बनाइए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | लालच | लालची | (ख) | अंक | अंकित |
| (ग) | सुख | सुखी | (घ) | झगड़ा | झगड़ालू |
| (ङ) | भाग्य | भाग्यशाली | (च) | अंत | अंतिम |
| (छ) | आनंद | आनंदित | (ज) | अड़ना | अड़ियल |

**4. निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण पहचानकर उसका भेद लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | कमरे के बाहर <u>कुछ</u> लोग खड़े हैं। | अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण |
| (ख) | मुझे रास्ते में <u>दो</u> लड़के मिले। | निश्चित संख्यावाचक विशेषण |
| (ग) | उसका स्वभाव बहुत <u>कठोर</u> है। | गुणवाचक विशेषण |
| (घ) | मुझे <u>थोड़ी</u> दाल चाहिए थी। | अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण |
| (ङ) | <u>वह</u> घर मंदिर के पीछे है। | सार्वनामिक विशेषण |

**5. निम्नलिखित वाक्यों में प्रविशेषण का प्रयोग करके वाक्य दोबारा लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | उसने सुंदर चित्र बनाया है। | उसने बहुत सुंदर चित्र बनाया है। |
| (ख) | आसमान में काले बादल छाए हैं। | आसमान में घने काले बादल छाए हैं। |
| (ग) | वह ऊपरी मंजिल पर रहता है। | वह सबसे ऊपरी मंजिल पर रहता है। |
| (घ) | उसका हार कीमती है। | उसका हार बहुत कीमती है। |
| (ङ) | नेहा ने नीली साड़ी पहन रखी है। | नेहा ने गहरी नीली साड़ी पहन रखी है। |